दीपावली पर घर जा रहे एक ही परिवार के सात लोग सड़क हादसे में घायल

बाराबंकी। गोंडा बाराबंकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नयागांव स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के सामने शनिवार सुबह कार और खाली एलपीजी टैंकर की आमने.सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लखनऊ के बंगला बाजार निवासी गंगाराम परिवार के साथ कार से गोंडा दीपावली मनाने जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर की ओर से आ रहे टैंकर से उनकी कार टकरा गई। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉण् जेपी मौर्य के अनुसार सभी का उपचार जारी है। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर करने की तैयारी है।

बच्चों ने दीप जलाकर दिया स्वच्छ और हरित दीपावली का संदेश

बाराबंकी। सैदनपुर स्थित श्री राज ग्लोबल एकेडमी में नन्हे.मुन्ने बच्चों ने उत्साह के साथ दीपावली उत्सव मनाया। बच्चों ने दीप जलाकर खुशियां साझा कीं और स्वच्छ एवं हरित दीपावली का संदेश दिया।

विद्यालय प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार यादव ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि दीपावली प्रेम और प्रकाश का पर्व है। सभी को मिट्टी के दीये जलाकर तथा पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचते हुए त्योहार मनाना चाहिए।

तंबाकू के खिलाफजागरूकता अभियान शुरू, शिक्षण संस्थानों के 100 गज दायरे में बिक्री पर रहेगी रोक

मसौली बाराबंकी। युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखने और आमजन को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को जागरूकता अभियान शुरू किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् रंजन गौतम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सीएमओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू और निकोटीन की लत से बचाना तथा गुटखाए बीड़ी और सिगरेट का सेवन करने वालों को इसे छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। जिले के शिक्षण संस्थानोंए सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त बनाने पर जोर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि आगामी दो महीनों तक विशेष अभियान चलाकर शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।

पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा का प्रतिनिधि मंडल, दी आर्थिक सहायता

सीतापुर। महोली राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा सीतापुर के जिलाध्यक्ष दिलीप शुक्ला के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा, जिला महासचिव संदीप मिश्रा, नगर महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार राय, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजू पाण्डेय, अजय त्रिवेदी सहित महोली तथा पिसावां ब्लॉक के लगभग 40 ब्राह्मण पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल ग्राम ककरहिया, पोस्ट बरबटापुर, महोली के एक पीड़ित ब्राह्मण परिवार के यहां पहुंचे बता दें कि बीते माह परिवार के मुखिया नन्द किशोर शुक्ला पुत्र मंगली प्रसाद शुक्ला कि निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही मृतक के बच्चों की पढ़ाई में सहयोग तथा भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम प्रतिनिधि अतुल मिश्रा भी उपस्थित रहे।

तारीख पेशी 19-11-2026

हेतु सन्दर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय सिधौली, जिला- सीतापुरवाद संख्या टी2026106405 15043 प्रीती बनाम रामलली प्रतिवादी 1- विश्व पाल, 2- विजय कुमार पुत्रगण स्वर्गीय राम औतार निवासी ग्राम लक्ष्मिनपुर, मजरा मुरहाडीह, तहसील- सिधौली, जिला-सीतापुर अंतर्गत धारा 34 उप्रा 2006चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रीती इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आपको इस न्यायालय में होना आवश्यक है। आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिए 19-11 2026 दिवस को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा। **मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।**





अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।



डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

बलरामपुर। जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में आवश्यकतानुसार मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन किया जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाता है। सभी अधिकारी जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ समाधान करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या को समझते हुए उसका स्थायी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

टीबी मुक्त दिवाली, हर घर खुशहाली

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला सीतापुर में शनिवार को 30 टीबी रोगियों को अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सचान द्वारा पोषण पोटली वितरित की गई।उपरोक्त कार्यक्रम में अधीक्षक द्वारा टीबी रोग के लक्षण व बचाव

सपा की बैठक में 2027 की तैयारी पर जोर

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के हरगांव विधानसभा की मासिक बैठक शनिवार को हरगांव स्थित बरोसा मोड़ पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में आगामी चुनाव को लेकर उत्साह दिखाई दिया। बूथ अध्यक्ष और सेक्टर प्रभारी ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं।

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें- जिलाधिकारी

लहरपुर (सीतापुर)। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 111 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

उपरोक्त में सीएचसी के अधिकारी वकर्मचारी उपस्थित रहे।

दीपावली मनाने घर लौट रहे मजदूरों की इको बोलेरो से टकराई, 12 घायल

खुटार। हरियाणा में करीब एक महीने तक मजदूरी करने के बाद दीपावली का त्योहार मनाने अपने घर लौट रहे मजदूरों की खुशियां उस समय मातम और चीख-पुकार में बदल गईं, जब उनकी इको गाड़ी सामने से आ रही बोलेरो से टकरा गई। हादसे में इको चालक समेत 12 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी खुटार पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल इको चालक को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जनपद लखीमपुर खीरी के थाना भीरा क्षेत्र के गांव बुझवा निवासी चंद्रशेखर (30) पुत्र रामप्रकाश, विशाल (19) व अभिषेक (17) पुत्र मदन, अमित (30) पुत्र शिवकुमार, मनीष (18) पुत्र बालकराम और शिवमोहन (17) पुत्र सोनेलाल के साथ ही सुजानपुर टांडा निवासी सिकंदर (40) व भूपेंद्र (25) पुत्र इतवारी, दिनेश सिंह (27) पुत्र सब्दू, कल्याण (29) पुत्र कंधई तथा गांव चक निवासी रामसेवक (20) पुत्र टुन्नी करीब एक महीने पहले हरियाणा में मजदूरी करने गए थे। दीपावली का त्योहार परिवार के साथ मनाने के लिए शुक्रवार को सभी ने खुटार थाना क्षेत्र के गांव महारानीगंज चठिया निवासी सूरज (24) पुत्र रामराखन से संपर्क कर उसकी इको गाड़ी बुक की। शुक्रवार शाम करीब सात बजे चालक सूरज समेत सभी 12 लोग इको में सवार होकर अपने घरों के लिए रवाना हुए। इधर, थाना पुवायां क्षेत्र के गांव गंगसरा निवासी सत्यवीर पुत्र कुलवंत अपनी बोलेरो गाड़ी से जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पलिया से खाद लेकर घर लौट रहे थे। शनिवार सुबह करीब सात बजे दोनों वाहन खुटार-मैलानी मार्ग पर फ्लाइओवर से आगे गांव सलनहां के पास स्थित एक ढाबे के सामने पहुंचे। इसी दौरान खुटार की ओर से जा रही इको अनियंत्रित होकर मैलानी की ओर से आ रही बोलेरो से साइड में जोरदार तरीके से टकरा गई। अचानक हुई भिड़ंत से दोनों वाहनों में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी खुटार पहुंचाया। डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। जांच में शिवमोहन के हाथ में फ्रैक्चर पाया गया, जबकि कल्याण के सिर में गंभीर चोट आने पर टांके लगाए गए। सिकंदर की पीठ में चोट आई। वहीं इको चालक सूरज के सीने में स्टेयरिंग लगने से अंदरूनी चोट आई, जिस पर डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अन्य घायलों को मरहम-पट्टी और प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। शिवमोहन, सिकंदर और कल्याण के परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गए। उधर, प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ सीएचसी पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त इको और बोलेरो को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है।



अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव में शुक्रवार को एक युवक का शव गन्ने के खेत में नीम के पेड़ से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खेदरापुर गांव निवासी तैंतालिस वर्षीय धीरज पुत्र रामदुलारे शुक्रवार को घर से पशुओं के लिए चारा लेने की बात कहकर निकला था। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन सामान्य रूप से उसकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान गांव के राम नरेश जायसवाल के गन्ने के खेत में नीम के पेड़ से उसका शव लटका मिला। शव देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि धीरज विवाहित था और उसके परिवार में एक पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। परिवार के भरण - पोषण की जिम्मेदारी संभालने वाले युवक की अचानक मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं गांव में भी शोक का माहौल है। युवक की मौत के पीछे क्या कारण रहे, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, आत्महत्या के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।













